# शीत लहर के साथ कोहरे की संभावना

## मौसम विभाग ने ठंड के लिए आगामी दो दिन अतिसंवेदनशील बताए



नवभारत न्यूज

**सतना 16 दिसंबर. वैसे तो ठंड ने पिछले महीने भर से लोगों को जकड़ना शुरु कर दिया था, लेकिन अब उसके तेवर और तीखे होते जा रहे हैं. सामान्य से लगातार नीचे चले आ रहे न्यूनतम तापमान के बाद अब दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में शीत लहर और कोहरे की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई जा रही है. जिसके चलते आने वाले 2 दिन काफी संवेदनशील माने जा रहे हैं.**

मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया. हलांकि खिली धूप होने के कारण दिन के तापमान में पिछले 24 घंटे में 1.6 डिग्री का इजाफा देखने को मिला. लेकिन इसके बावजूद भी यह सामान्य की तुलना में 0.2 डिग्री कम आंका गया. इसी कड़ी में रात का न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ. न्यनतम तापमान में एक ओर जहां 24 घंटे के भीतर 0.9 डिग्री की कमी देखने को मिली. वहीं दूसरी ओर यह सामान्य की तुलना में 1.2 डिग्री कम आंका गया. मंगलवार को हलांकि धूप खिलने के कारण दिन के समय लोगों को ठंड से काफी हद तक राहत मिली रही. लेकिन शाम ढलते ही जबरदस्त गलन का सिलसिला आरंभ हो गया. रात के बढ़ने पर पारे में जबरदस्त गिरावट शुरु हो गई. मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान के गिरने और हवा में मौजूद नमी की वजह से मंगलवार की देर रात से शुरु होकर बुधवार की सुबह तक सतना, रीवा और मऊगंज में घना कोहरा हो सकता है. यह स्थिति कहीं कम तो कहीं अधिक के साथ अगले दो दिनों तक जारी रह सकती है. इसी कड़ी में तापमान में कमी की वजह से कुछ स्थान शीत लहर से प्रभावित भी हो सकते हैं. यह सिलसिला आने वाले दिनों तक यूं ही जारी रह सकता है, जब तक कि कोई दूसरा सिस्टम विंध्य को प्रभावित न करने लगे. यदि मंगलवार सुबह की बात की जाए तो सतना में शैलो फॉग की स्थिति के चलते दृश्यता 500 से लेकर 1000 मीटर के बीच देखने को मिली. जबकि रीवा में यह घटकर 200 से 500 मीटर के बीच तक पहुंच गई.

# रेलिंग तोड़ घाटी में लटकी बस, हादसा टला

## सतना-चित्रकूट मार्ग पर बगदरा घाटी की घटना



नवभारत न्यूज

**सतना 16 दिसंबर. सतना-चित्रकूट मार्ग पर पिण्डरा और चित्रकूट के बीच पड़ने वाली बगदरा घाटी में मंगलवार की सुबह एक गंभीर सड़क हादसा होते-होते रह गया. अचानक अनियंत्रित हुई यात्री बस सड़क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए घाटी के निकट पहुंच कर रुक गई. बस में सवार यात्री यह देख कर सहम गए कि यदि थोड़ा और आगे बढ़कर घटी में गिर जाती तो उनका क्या हाल होता.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह यात्रियों से भरी बस सतना-चित्रकूट मार्ग पर जैसे ही बगदरा घाटी क्षेत्र में पहुंची वैसे ही अचानक अनियंत्रित हो गई. देखते ही देखते बस ने सड़क छोड़ दी और बस की दिशा घाटी की ओर मुड़ गई. सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग को तोड़ते हुए बस आगे बढ़ती रही. यह तो गनीमत रही कि थोड़ा आगे जाकर चालक ने बस को रोक पाने में सफलता प्राप्त कर ली. क्योंकि उक्त स्थान के आगे गहरी खाईं थी. जिसमें बस के गिरने से गंभीर हादसा सामने आ सकता था.

इस मामले में एक ओर जहां बस में सवार यात्रियों का कहना है कि चालक तेज रफ्तार से बस चला रहा था और वाहन को ओवरटेक करने के दौरान उसका नियंत्रण छूट गया. जिसके चलते बस ने सड़क छोड़ दी और रेलिंग तोड़ते हुए खाईं की ओर जाकर लटक गई. वहीं दूसरी ओर इस मामले में चालक का कहना है कि सामने से आ रही कार को बचाने के चक्कर में उसने अचानक बस की दिशा मोड़ दी. जिसके चलते बस खाईं की ओर मुड़ गई. इस घटना के चलते बस में सवार यात्री सुरक्षित बच गए. लेकिन वहां का नजारा देखकर उनके चेहरे पर डर के भाव साफ नजर आ रहे थे. इसके साथ ही यात्रियों के बीच बस चालक को लेकर गुस्सा भी था. वहीं इस घटना की वजह से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में खासी समस्या झेलनी पड़ी. घटना के चलते बस के बाहरी हिस्सा भी आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त हो गया.

# नरवाई जलाने की 1145 घटनायें सामने आई

नवभारत न्यूज

**सतना, 16 दिसम्बर. सतना एवं मैहर जिले में सतना 16 दिसम्बर 2025/पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों विशेषत: धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है।**

जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं।

### मैहर जिले में 214 घटनाएं दर्ज

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले के समस्त अनुविभागों में 14 दिसम्बर 2025 तक 1145 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें रघुराजनगर में 96, कोठी में 46, रामपुर बघेलान में 261, कोटर में 108, मझगवां में 11, बिरसिंहपुर में 48, नागौद में 206 तथा उचेहरा में 155 नरवाई जलाने की घटनायें रिकाई की गई है। इसी प्रकार मैहर जिले की तहसील अमरपाटन में 94, मैहर में 102 तथा रामनगर में 18 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है।

# सूने स्थान पर अकेला देख छीन लेते थे मोबाइल

## नाबालिग समेत 2 आरोपी गिरफ्तार, लूटे गए 7 मोबाइल व नकदी बरामद

नवभारत न्यूज

**सतना 16 दिसंबर. वाहन के इंतजार में सड़क किनारे खड़े व्यक्ति के सामने अचानक आ धमके बाइक सवार 2 युवकों ने देखते ही देखते मोबाइल झपट लिया और वहां से भाग निकले.**

शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच करते हुए जब 2 संदेहियों को पकड़ा तो यह चौंकाने वाली जानकारी सामने आई कि वे सूने स्थान पर अकेले दिख रहे लोगों को निशाना बनाकर उनका मोबाइल लूट लिया करते थे. जिसके चलते पुलिस ने नाबालिग समेत दो आरोपियों के कब्जे से लूट गए 7 मोबाइल और नकदी बरामद कर ली.कोतवाला थाना मैहर प्रभारी अनिमेष द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 दिन पहले एक फरियादी व्यक्ति द्वारा लूट की शिकायत की गई थी. फरियादी ने पुलिस को बताया कि 5 दिसंबर को वे मैहर मेंकटनी रोड पर जैन पेट्रोल पंप के सामने खड़े थे. उन्हें ड्यूटी जाना था, लिहाजा वे सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे. लेकिन इसी दौरान बाइक पर सवार 2 लड़के अचानक वहां आ धमके. लड़कों ने उनके पास मौजूद वन प्लस कंपनी का मोबाइल लूट लिया और वहां से भाग निकले. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरु की गई. इसी दौरान पुलिस को इस बात की सूचना मिली कि बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल पर सवार 2 लड़के संदिग्ध तौर पर ओवर ब्रिज के नीचे खड़े हैं.

जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम फौरन वहां पहुंच गई और दोनों लड़कों को दबोचते हुए पूछताछ शुरु की. पूछताछ में एक आरोपी की पहचान अमित उर्फ अंशु विश्वकर्मा पिता ओमप्रकाश उम्र 22 वर्ष निवासी बदेरा के तौर पर हुई. जबकि दूसरा आरोपी नाबालिग निकला. पूछताछ में आरोपियों ने कटनी रोड पर मोबाइल लूटने की घटना सहित इसी तरह की अन्य घटना करना स्वीकार कर लिया. लिहाजा दोनों की तस्दीक पर लूटे गए 7 मोबाइल और 1300 रु की नकदी बरामद कर ली गई. जिसके बाद एक ओर जहां युवक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया. वहीं दूसरी ओर नाबालिग आरोपी के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई.

# शिकायतों पर चल रहीं जांचों की होगी त्रिमासिक समीक्षा

## सामान्य प्रशासन समिति में अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा प्रस्ताव



नवभारत न्यूज

**सतना, 16 दिसम्बर. जिला पंचायत से संबंधित विभागों की जनमानस से मिली शिकायतों पर चल रही जाचों की समीक्षा प्रत्येक तीन माह में किये जाने का प्रस्ताव मंगलवार को आयोजित संचार कर्म स्थाई समिति की बैठक में रखा गया।**

इसके अलाव अन्य चार प्रस्ताव भी चर्चा के लिए रखे गए, जिन्हें आगामी जिला प्रशासन समिति की बैठक में अनुमोदन के लिए पेश किया जायेगा। कोरम के आभाव में 12 दिसम्बर को निरस्त की गई संचार संकर्म स्थाई समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को जिला पंचायत के अध्यक्ष रामखेलावन कोल की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान समिति के सभापति ज्ञानेन्द्र मिहे ज्ञानू%, सदस्य बाबूलाल प्रजापति, श्रीमती तारा पटेल समेत समिति के सचिव लेजुरस किर?किट्?य पी.डब्ल्यू. डी. के कार्यपालन यंत्री व्ही. आर. सिहं, पी.एच0 ई. के कार्यपालन यंत्री श्वेतांक चौरसिया, वन निरीक्षक शुभम दुबे, पी. आई यू से दिव्यानी सिहं, प्रधानमन्त्री सड़क के जी.एम. उमेश कुमार साहू, आर. ई. एस. के एस. डी.ओ. राजेश पाण्डेय, मधु बागरी, जल संसाधन, जन शिक्षा केन्द्र आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री सिंह ने बताया कि अभी जो मार्ग 3.75 मीटर चौडा है, उसकी चौडाई 7 मीटर की जाकर मजबूतीकरण किया जायेगा। उक्त सड़क मार्ग कंक्रीट का होगा और आने वाले समय में जल्द ही स्वीकृत मिलने के पश्चात् निर्माण की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जायेगा।.जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यो को समीक्षा के लिए 23 दिसम्बर को अलग से बैठक बुलाई बुलाई गई है.- समिति के सभापति ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने पूर्व की बैठक का पालन प्रतिवेदन में जल गगां संवर्धन अभियान वर्ष-25 व 26 के लिए दी गई जानकारी अपूर्ण होने के कारण पृथक में बैठक करने के निर्देश दिये । श्री सिंह ने कहा रिपोर्ट अपडेट कर नई जानकारी के साथ आगामी 23 दिसम्बर को ग्रामीण यान्त्रिकी सेवा व जनपदों के समस्त उपयन्त्री, सहायक यंत्री व एम.डी.ओ. बैठक में उपसि?थत हों। साथ ही जिला पंचायत के 15 वें वित्त की वर्ष 2022 से लेकर 2025 तक को सम्पू?र्ण प्रगति पत्रक भी निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट रूप से लेकर आयें ताकि कार्यो की समीक्षा की जा सके।

# एडीजे व सीजीएम ने किया केन्द्रीय जेल का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**सतना, 16 दिसम्बर. केन्द्रीय जेल सतना में मंगलवार को मुकेश सिंह चौहान जिला न्यायाधीश सतना एवं प्रवीण कुमार सोंधिया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला सतना द्वारा भ्रमण / निरीक्षण किया गया।**

न्यायाधीशों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, कारखाना, पाकशाला का भ्रमण / निरीक्षण किया गया। नवीन खण्ड में दीवारों पर की जा रही चित्रकारी एवं अनुपयोगी प्लास्टिक से निर्मित गुलदस्तों व साज-सज्जा सामग्री का अवलोकन किया। बंदियों की इस कला पर प्रसन्नता व्यक्त की। जिला न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा सतना जेल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। भ्रमण/निरीक्षण के साथ ही विधिक साक्षरता शिविर आयोजित हुआ। नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में बंदियों को अवगत कराया गया साथ ही बंदियों की विधिक संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक फिरोजा खातून, सहायक जेल अधीक्षक अनिल प्रताप सिंह एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# ननि की जन सुनवाई में पहुंचीं 32 शिकायतें



नवभारत न्यूज

**सतना, 16 दिसम्बर. राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना में मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर योगेश ताम्रकार महापौर न नि सतना, शेर सिंह मीना आयुक्त, राजेश चतुर्वेदी अध्यक्ष उपस्थित रहे।**

जन-सुनवाई में 32 आवेदन प्राप्त हुए। विभागवार जानकारी के अनुसार अतिक्रमण से संबंधित 07 आवेदन, पेयजल से संबंधित 04 आवेदन, जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 03 आवेदन, जन्म-मृत्यु शाखा से संबंधित 01 आवदेन, विकास कार्य से संबंधित 08 आवेदन, सम्पत्ति कर से संबंधित 01 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 08 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन, आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया।

# सांसद ने रेल मंत्री से क्षेत्र के लिए रखी कई मांगें



नवभारत न्यूज

**सतना, 16 दिसम्बर. सांसद ने रेल मंत्री के सामने कैमा माल गोदाम को लेकर भी चर्चा की और बताया कि सतना शहर में नो इन्ट्री रहती है, माल लदान और उतारने में बहुत कठिनाई होती है।**

सतना शहर के नजदीक कैमा रेलवे स्टेशन में माल गोदाम को विकसित करने का कार्य प्रस्तावित है। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा कैमा माल गोदाम को विकसित करने टेन्डर प्रक्रिया में है, लेकिन अभी तक अवार्ड नही हुआ, न कोई एजेन्सी तय की गई। लिहाजा शीघ्रता से कार्य करने निर्देशित करने का आदेश जारी करवाएं।

**साप्ताहिक यात्री गाड़ियों को प्रतिदिन चलाने की मांग**-रेल मंत्री से सांसद ने यह भी मांग रखी है कि सतना लोकसभा क्षेत्र में कुछ यात्री गाडि?ं साप्ताहिक चलाई गई थी, जिन्हें प्रतिदिन चलाये जाने की संसदीय क्षेत्र से हमेशा मांग की जाती रही है, क्योंकि बड़ी संख्या में मरीज मुम्बई, नागपुर, अहमदाबाद तथा इन्दौर जाते हैं लिहाजा इन गाडि?ं को डेली संचालन के आदेश जारी किए जाने कीम मांग रखी है।

### एक नजर में



### खान सुरक्षा सप्ताह में माइनिंग के छात्रों ने की सहभागिता

सतना। ए .के .एस . विश्वविद्यालय के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने संगमानिया माइंस में आयोजित खान सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर सक्रिय सहभागिता दर्ज कराते हुए व्यावसायिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया। विश्वविद्यालय के छात्रों की यह सहभागिता खनन क्षेत्र में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में सराहनीय मानी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों मयंक कुमार एवं शुभम कुमार ने खान सुरक्षा विषय पर गीत के माध्यम से सशक्त प्रस्तुति दी, जिसे निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया और उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### रामराज सेना का गठबंधन के विरोध में पुतला दहन

**सतना।** सनातन धर्म एवं हिंदू आस्था के विरोध में लिए जा रहे निर्णयों के खिलाफ



रामराज सेना के तत्वावधान में मंगलवार को सेमरिया चौराहा में विरोध प्रदर्शन कर इंडिया गठबंधन से जुड़े नेताओं का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम शाम 4ः00 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय कुमार सोनी (अज्जु), अतुल श्रीवास्तव, पंकज, मानस मिश्रा, क्रांति सोनी, वरुण मिश्रा, गौरव चौरसिया, संजू सोनी, शिवेन्द्र गुप्ता, विष्णु सोनी, अभय सिंह राजपूत, मयंक देव सिंह, आकाश गुप्ता, सौरभ सोनी, निखिल शुक्ला, राजा पांडे, रवि पासवान, रोशन चौरसिया, शिवम श्रीवास्तव, सलिल सिंह, रवेंद्र सोनी, राजू सिंह, बालेंद्र सोनी, अमित सोनी, छोटू वर्मा, अरविंद यादव, योगेन्द्र त्रिपाठी, रजनीश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्री राम मंदिर पर कार्यक्रम 11 से

**सतना।** यूथ हेल्पिंग हैंड्स की टीम ने सतना जिले के यशस्वी भारतीय जनता पार्टी के जिला



अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे , कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी एवं जिला कोषाध्यक्ष जे,पी, गुप्ता से शिष्टाचार भेंट कर,संस्था द्वारा 11 जनवरी 2026 बी.टी.आई ग्राउंड में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम गाथा श्रीराम मंदिर के विषय में विस्तार से चर्चा की।



# मानक क्लब की बिरला सीमेंट में एक्सपोज़र विजिट

नवभारत न्यू

**सतना, 16 दिसम्बर. भारतीय मानक ब्यूरो, भोपाल शाखा कार्यालय के तत्वावधान में मानक क्लब, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुडुहुरु द्वारा बिरला सीमेंट फैक्ट्री, सतना का शैक्षणिक एक्सपोज़र विज़िट आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड, सतना के सहयोग से संपन्न हुआ।**

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में भोपाल शाखा कार्यालय के श्रीधर पांडेय एवं प्रभात पांडेय द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। वहीं बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से बाबू सिंह एवं नितिन शर्मा ने विद्यार्थियों को सीमेंट निर्माण प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, भारतीय मानक एवं औद्योगिक सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के 20 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

विद्यार्थियों का मार्गदर्शन डॉ. रवि सुंदर प्रजापति (मेंटोर) एवं विज्ञान शिक्षक गुलाब प्रसाद मिश्रा द्वारा किया गया। विद्यालय परिसर से सुबह 10ः00 बजे प्राचार्य पुरुषोत्तम साकेत एवं उमेश पांडे द्वारा विशेष बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# अतिथियों के स्वागत के लिए बनी समिति

नवभारत न्यूज

**सतना, 16 दिसम्बर. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतना द्वारा आयोजित विन्ध्य व्यापार मेला 2025 की तैयारिया अंतिम पड़ाव पर है।**

चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, सतना द्वारा 19 दिसम्बर 2025 से 29 दिसंबर 2025 तक 11 दिवसीय 12वां विन्ध्य व्यापार मेला 2025 की लगभग सभी तैयारिया पूर्ण हो चुकी है मंगलवार को मेला सचिवालय मे स्वागत समिति की बैठक मे मेला उद्घाटन समारोह, अतिथि सत्कार एवं मार्गदर्षन व्यवस्था पर वृहद चर्चा की गई साथ ही सांस्कृतिक समिति की बैठक मे रंगमंचीय कार्यक्रमो की रूप रेखा तय की गई। साथ ही बताया कि मेला मे सभी स्टाल सत प्रतिषत बुक हो चुके है। चेम्बर अध्यक्ष सतीष सुखेजा ने कहा कि इस वर्ष मेला मे स्वदेषी जागरूकता एवं स्थानीय कलाकारो को प्राथमिकता दी जायेगी। स्वागत समिति के संयोजक हिमांषु अरोरा ने बताया कि इस वर्ष मेले के आमंत्रित अतिथियों के स्वागत सम्मान का विषेष ध्यान रखा जायेगा।

### सतना से दिल्ली तक चलाई जाए 'वंदे भारत' ट्रेन

**सतना, 16 दिसम्बर.** वरिष्ठ बीजेपी नेता व सतना सांसद गणेश सिंह ने केंद्र सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर एक रेल परियोजना को लेकर प्रस्ताव रखा। उन्होंने सतना से मानिकपुर, बांदा, कानपुर होते हुए दिल्ली तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की है। सांसद ने कहा कि यह ट्रेन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि पिछड़े क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

# प्रिज़्म में 37वॉ खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन



नवभारत न्यूज

**सतना,16 दिसम्बर. खान सुरक्षा महानिदेशालय जबलपुर क्षेत्र के तत्वाधान में 37वॉ खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन 14 से 20 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है।**

इस आयोजन में प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की अमलगमेटेड प्रिज़्म सीमेंट एवं बदरखा लाइमस्टोन माइंस तथा बगहाई लाइमस्टोन माइंस का निरीक्षण 14 से 15 दिसंबर 2025 तक चला, जिसमें जबलपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों से वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण दल ने प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की खदानों का दौरा किया। निरीक्षण दल में कन्वेनर सतीश गर्ग (खान प्रबंधक) अल्ट्राटेक मैहर, भास्कर मुखर्जी (वरिष्ठ प्रबंधक इलेक्ट्रिकल) एनएमडीसी पन्ना, सजल निगम मैकेनिकल इंजीनयर निर्मला मिनरल्स जबलपुर एवं सौरभ कुमार तिवारी माइंस फोरमैन जेएसडब्लू सीमेंट पन्ना शामिल थे। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण दल ने खदानों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा खान सुरक्षा प्रणाली के लिए किए जा रहे प्रयासों की भरपूर प्रशंसा की। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 दिसंबर 2025 को प्रात: ध्वजारोहण एवं खान सुरक्षा शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प-गुच्छ देकर किया गया। प्रिज़्म स्कूल के बच्चों द्वारा निरीक्षक के समक्ष खान सुरक्षा से सम्बंधित स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया.